संयोजिका डॉ. निर्मला कुमारी के कुशल निर्देशन में डॉ. निशान्त, डॉ. सचिन व डॉ. मोनिका के सहयोग से समाज विज्ञान परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। 22 सितम्बर को परिषद् की ओर से शहीदी दिवस के अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनोविज्ञान विभाग की छात्रा रामभतेरी, द्वितीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मानसी तथा तृतीय स्थान बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अंकिता ने प्राप्त किया। 19 मार्च 2024 को परिषद् द्वारा एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रामभतेरी, द्वितीय स्थान पर हरिना तथा तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## गृह विज्ञान परिषद्

संयोजिका श्रीमती रितू हुड्डा के निर्देशन व श्रीमती पंकज शर्मा, श्रीमती मोनिका नारंग के सहयोग से गृह विज्ञान परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 18 अगस्त 2023 को ''तीज महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता व तीज के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। 24 अगस्त 2023 को गृह–विज्ञान विभाग की छात्राओं को राज्य होटल प्रबंधन संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। 11 सितंबर 2023 को प्रतिभाखोज प्रतियोगिता के अन्तर्गत बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट व घरेलू सजावटी वस्तुओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 25 अक्टूबर 2023 को छात्राओं को उत्तर भारतीय थाली के विभिन्न व्यंजन सिखाएं। 3 नवम्बर 2023 को ट्रेड एक्सपो एंड कार्निवल में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों व सजावटी सामान के स्टॉल लगाए। 20 नवम्बर 2023 को मोटे अनाज से व्यंजन बनाने की प्रतियोगिता में हंसिका ने प्रथम व शीतल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 10 जनवरी 2024 को महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से सात दिवसीय वर्कशाप – 'वूमन हैल्थ एंड वैल बींग' का आयोजन किया गया।

## विज्ञान परिषद्

संयोजिका श्रीमती मंजू छिक्कारा एवं सदस्यों डॉ. सोनिका, डॉ. दीपक, डॉ. एकता, डॉ. विकास, श्रीमती नेहा, श्रीमती संगीता, श्रीमती स्नेहा, डॉ. अन्नु भार्गव, डॉ. बबली, डॉ. सोनू और डॉ. नविता के सहयोग से विज्ञान परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। 17 अगस्त 2023 को पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज रोहतक में जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय से 10 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हमारी तीन छात्राओं ने टॉप 10 में जगह बनाई। इन छात्राओं ने राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया जोकि दयांनद महिला महाविद्यालय, कुरूक्षेत्र में 21 फरवरी 2024 को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा लिया गया था। 22 सितंबर 2023 को विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया । विजेता छात्राओं ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी जोकि पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित की गई में भाग लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया व इन छात्राओं को अंतर क्षेत्रीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी के लिए चुना गया। जीवीएम कॉलेज सोनीपत में आयोजित अन्तर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में इन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 40000 नकद पुरस्कार जीता। इन छात्राओं ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी में तृतीय स्थान एवं 60000 नकद पुरस्कार प्राप्त किया जो दयानंद महाविद्यालय करनाल में 23 फरवरी 2024 को आयोजित की गई। 12 अक्टूबर 2023 को विज्ञान परिषद् ने वनस्पति एवं जीव विज्ञान के सहयोग से पोस्टर एवं कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ संतोष हुड्डा प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय महम रही। विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 27 फरवरी 2024 को विज्ञान परिषद् द्वारा कैंसर जागरूक्ता पर एक व्याख्यान करवाया गया जिसमें पीजीआईएमएस के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट विभाग से डॉ. सुंदर सिंह को आमंत्रित किया गया।

## भौतिकी परिषद्

दिनांक 22 सिंतबर 2023 को भौतिकी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 19 जनवरी 2024 को विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 45 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 24 जनवरी 2024 को भौतिकी विभाग द्वारा अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें 14 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। दिनांक 28 फरवरी 2024 को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। भौतिकी आनॅर्स की छात्राओं को विभिन्न शोध तकनीकों से अवगत कराने के लिए दिनांक 2 मार्च 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की शोध और तकनीकी प्रयोगशाला का एक दिन का भ्रमण करवाया गया।

## कम्प्यूटर साईंस परिषद्

संयोजिका डॉ. निशा मलिक के कुशल नेतृत्व में श्रीमती मोनिका राठी, श्रीमती सुनीता, श्रीमती नीतू के सहयोग से कंप्यूटर विज्ञान परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को महाविद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक करवाई गई। जिसमें अभिभावकों से मिलकर छात्राओं से सम्बन्धित सभी प्रकार की समस्याओं पर चर्चा की गई। दिनांक 19 जनवरी, 2024 को महाविद्यालय में अन्तर-कक्षीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिनांक 24 जनवरी, 2024 को  जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन किया गया जिसमें भिन्न-भिन्न महाविद्यालय से 13 टीमों ने भाग लिया। दिनांक 12 मार्च, 2024 को कंप्यूटर विज्ञान विभाग की बी.सी.ए. कक्षा से एक टीम वैश्य डिग्री महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अन्तर्गत भेजी गई। दिनांक 15 मार्च, 2024 को PIET पानीपत में एक प्रथम चरण की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 80 छात्राओं ने भाग लिया।

## वाणिज्य परिषद् एवं योजना अनुभाग

वाणिज्य परिषद एवं योजना अनुभाग की संयोजिका डॉ. रेनु के कुशल निर्देशन में श्री सचिन सपरा, श्रीमती सविता, श्रीमती दलीप कौर, श्रीमती प्रीति बंसल, श्रीमती मोनिका, श्रीमती प्रियंका व श्रीमती अंजू के सहयोग से सत्र 2023-24 में विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किया गया। दिंनाक 18 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसके पश्चात् उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ, वाणिज्य परिषद व गृह विज्ञान विभाग द्वारा 3 नवम्बर, 2023 को 'स्टूडेंट ट्रेड एक्सपो व कॉर्निवल' का आयोजन किया गया। दिनांक 11 से 13 जनवरी, 2024 को वाणिज्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका प्रमुख विषय 'रिसर्च मैथडोलॉजी व रिसर्च पेपर राईटिंग' रहा इसमें विभिन्न महाविद्यालय की लगभग सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। दिनांक 14 मार्च 2024 को वाणिज्य विभाग द्वारा 'इन्वेस्टमेन्ट मैनेजमेन्ट' पर विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। 20 मार्च, 2024 को उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ, वाणिज्य परिषद एवं योजना अनुभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''होली फ्यूजन फीएस्टो का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## संगीत परिषद्

संयोजिका डॉ. सादिका के निर्देशन में संगीत परिषद् वर्षभर सक्रिय रही। 18 अगस्त 2023 को महाविद्यालय में 'तीज-उत्सव' का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लोकगीतों की प्रस्तुति दी। 12 सिंतबर 2023 को महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए। 29 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक 'क्षेत्रीय युवा महोत्सव' में महाविद्यालय की छात्राओं  ने 'सैनिक गीत' में द्वितीय

स्थान व लोकगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 20–21 नवंबर 2023 में जिला स्तरीय युवा महोत्सव में महाविद्यालय की छात्रा ने लोकगीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 29 जनवरी 2024 को अन्तर कक्षीय अंताक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विभाग की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और पुरस्कार प्राप्त किए। 20–21 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में रसमंजरी : सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने गीत, भजन व लोकगीत की प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए।

## वनस्पति परिषद्

दिनांक 18 अक्टूबर, 2023 को सेल्फ एक्सप्लेनेटरी चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 19 छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया व वनस्पति विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर सुंदर चित्र बनाए। दिनांक 19 जनवरी, 2024 को विभाग में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बायोफ्यूल, वर्टिकल फार्मिंग इत्यादि विषयों पर 15 मॉडल प्रदर्शित किए। दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। दिनांक 21 मार्च, 2024 को विभाग में तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए 'जेनेटिक इंजीनियरिंग' विषय पर सोनाली मलिक असिस्टेंट प्रोफेसर, लाखन माजरा द्वारा व्याख्यान दिया गया।

## ललित कला परिषद्

डॉ. दीपांजलि के कुशल निदेर्शन व डॉ. किरण बाला के सहयोग से ललित कला परिषद वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 17 व 18 अगस्त को महाविद्यालय में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय में दिनांक 11 व 12 सितम्बर को दुपट्टा व छाता चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन 'चिंगारी' कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। इसके उपरान्त् दिनांक 25 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक महाविद्यालय में पेन्टिग, पोस्टर रंगोली, कार्टूनिंग व क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। दिनांक 01 जनवरी 24 को डॉ. अमृता दलाल व श्रीमती रश्मि वर्मा द्वारा 'लिपन आर्ट' वर्कशाप लगाई गई। दिनांक 19–20 जनवरी 2024 को डॉ. विश्वजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर द्वारा फोटोग्राफी की वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इसके उपरान्त् सुपवा के ललित कला विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री प्रवेश द्वारा '3डी फॉर्मस' वर्कशॉप का आयोजन किया गया। दिनांक 15–16 फरवरी 2024 को रसमंजरी का आयोजन किया गया जिसमें मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता में निशा ने मेंहदी में प्रथम स्थान व रंगोली में शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनांक 6 मार्च 2024 को म.द.वि. रोहतक में, 'रंगबहार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृतिका ने पेन्टिग में प्रथम, दीप्ति ने पोट–पेटिंग में तृतीय, रंगोली में पूजा ने प्रथम व ज्वैलरी मेकिंग में टीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिनांक 11 व 12 मार्च को म.द.वि. रोहतक में विजुअल आर्ट विभाग द्वारा 'रंगसृजन' कार्यक्रम के अन्तर्गत पेंन्टिग वर्कशॉप लगवाई गई जिसमें महाविद्यालय की ललित कला विभाग की 20 छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## सीखो और कमाओं परिषद्

हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'सीखो और कमाओ' परिषद् संयोजिका डॉ. सविता ठाकरान के निर्देशन में डॉ० सुशीला, डॉ. रेनू, डॉ. ज्योति, श्रीमती सोनिका, श्रीमती एकता, श्रीमती शम्मी लाज के सहयोग से परिषद् वर्ष भर सक्रिय रही। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परन्तु मेधावी छात्राओं का चयन कर उन्हें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में सीखते हुए कमाने का अवसर प्रदान किया गया। सत्र 2023–24 के दौरान 49 छात्राओं ने इस योजना के अन्तर्गत कार्य किया। सीखो और कमाओं योजना के लिए सरकार के द्वारा 1,00,000/– रूपये की राशि छात्राओं में वितरित की गई।

## एलुमनी परिषद्

संयोजिका डॉ. नीति अहलावत, असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग के संयोजन में एलुमनी परिषद् सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

## वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ

संयोजक श्री यशपाल के निर्देशन में सदस्य श्रीमती बबीता, श्रीमती रीना, श्रीमती सविता, श्रीमती योगिता, श्रीमती पूजा के सहयोग से वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ वर्षभर सक्रिय रहा। 2 अक्तूबर 2023 को एडवोकेट बबीता फोगाट द्वारा Cyber crime and Social Issues of Women विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया। 03 फरवरी 2024 को कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री नीरज कुलवंत कलसन के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता यामिनी ने छात्राओं को सरोजनी नायडू द्वारा महिलाओं के लिए किए गए संघर्ष के बारे में बताया। 15 मार्च 2024 को महाविद्यालय में निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता और ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओ को प्राचार्या डॉ. दर्शना और उपप्राचार्या श्रीमती सविता ठाकरान द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## महिला प्रकोष्ठ

संयोजिका डॉ. मीनू नैन के कुशल निर्देशन में डॉ. निर्मला कुमारी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. नीरज, डॉ. मंजू, डॉ. पूजा व डॉ. विनोद के सहयोग से महिला प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में 'मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया व विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। दिनांक 2 नवम्बर से 8 नवम्बर 2023 तक महाविद्यालय में 'ब्यूटी एण्ड वैलनेस' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इसके पश्चात् दिनांक 23 नवम्बर 2023 को

पचास छात्राओं के एक दल को ऐतिहासिक व शैक्षणिक भ्रमण के लिए आगरा भेजा गया। दिनांक 11-12 जनवरी 2024 को 'लिपन-आर्ट' पर दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 12 जनवरी से 20 जनवरी तक महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य और देखभाल विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. प्रीति धनखड़ द्वारा महिला स्वास्थ्य के लिए उचित खान-पान और जीवन शैली जैसे विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके बाद दिनांक 15 जनवरी से 23 जनवरी 2024 तक महाविद्यालय में आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री रोहताश कुमार ने छात्राओं को महिला सुरक्षा की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया। दिनांक 19 व 20 जनवरी 2024 तक दो दिवसीय फोटोग्राफी कला पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 22 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 तक नृत्य प्रशिक्षण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 29 फरवरी 2024 को मणिपाल अस्पताल (दिल्ली) से कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रीति द्वारा कैंसर की समस्या और उचित इलाज के संदर्भ में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।

## उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ

संयोजिका श्रीमती सुशीला के कुशल निर्देशन व सदस्य डॉ. सोनिया, डॉ. सत्यवान जाट्यान श्रीमती मंजू, डॉ. प्रीति मलिक, डॉ. कविता दुआ, श्रीमती प्रीति पांचाल के सहयोग से उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को 53 छात्राओं ने वीटा मिल्क प्लांट का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके पश्चात् दिनांक 3 नवम्बर 2023 को 'स्टूडेन्टस टैंड एकस्पो एंड कार्निवल' का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् दिनांक 20 फरवरी 2024 को गौड ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित प्रयास विकसित भारत की आत्मनिर्भर नारी व Exhibition to empower women Enterpreneur में महाविद्यालय की तेरह छात्राओं ने भाग लिया। इसके बाद दिनांक 20 मार्च 2024 को महाविद्यालय में होली फ्यूजन फीएस्टो का आयोजन किया गया जिसमें दर्शकों ने छात्राओं द्वारा बनाये गए उत्पादो के साथ-साथ विभिन्न प्रबन्धन खेलों का भी आनन्द लिया।

## रैडक्रास समिति

संयोजक डॉ. सतीश पंघाल के निर्देशन एवं समिति सदस्यों श्रीमती शम्मी लाज व श्रीमती नीरज काद्यान के सहयोग से रैडक्रास समिति वर्ष भर विभिन्न कार्यो में सक्रिय रही। महाविद्यालय की रैडक्रास शाखा में 250 स्वयं सेविकाएँ हैं। दिनांक 15 अगस्त 2023 को समिति द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया एवं इस पावन अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में ध्वज फहराया गया। 01 सितम्बर 2023 को जिला रैडक्रास समिति की तरफ से आयोजित एक दिवसीय सी.पी.आर. प्रशिक्षण में भी छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 02

सितम्बर 2023 को नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 30 सितम्बर 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय रक्तदान दिवस' में महाविद्यालय की ओर से 65 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को आयोजित 'राहगिरी कार्यक्रम' में छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 29 जनवरी 2024 को एडस के प्रति छात्राओं को जागरूक करने हेतु पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 80 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 29 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में मनिपाल हस्पताल, दिल्ली के संयोजन में एक दिवसीय स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

## युवा महोत्सव समिति

सत्र 2023-24 में संयोजिका डॉ. नीलम मंगला के निर्देशन तथा समिति सदस्यों के सहयोग से युवा महोत्सव समिति वर्ष भर सक्रिय रही। दिनांक 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 तक युवा महोत्सव गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक में सम्पन्न हुआ जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने 14 प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। अन्तर क्षेत्रीय युवा महोत्सव 4-5-6 नवंबर 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इसमें भी महाविद्यालय ने 12 पुरस्कार प्राप्त किए। जिसमें लोक समूह नृत्य, जनरल समूह नृत्य, फोटोग्राफी, रंगोली व पोस्टर राज्य स्तर के लिए चयनित किये गए। उत्तर पूर्वी राज्य स्तरीय महोत्सव 6 से 9 फरवरी को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ। इसमें हरियाणवी लोक नृत्य, रंगोली, पोस्टर व फोटोग्राफी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए। दिनांक 6 मार्च 2024 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित 'रंग महोत्सव' में भी महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कई पुरस्कार प्राप्त किए। राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब विश्वविद्यालय लुधियाना में 28 से 31 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पोस्टर मेकिंग में प्रथम, फोटोग्राफी में द्वितीय, फोक नृत्य में तृतीय व सांस्कृतिक शोभा यात्रा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## आपदा प्रबंधन समिति

संयोजिका डॉ. ज्योति के नेतृत्व में डॉ. बिन्दु, डॉ. सुशीला के सहयोग से आपदा प्रबंधन समिति वर्षभर सक्रिय रही। दिनांक 22 सितम्बर 2023 को आपदा प्रबंधन समिति द्वारा चंद्रयान-3, प्रदूषण तथा भू-स्खलन विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 28 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 13 मार्च 2024 को समिति द्वारा आग से सुरक्षा विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया तथा मॉक ड्रिल भी करवाया गया, जिसके तहत अग्निशमन केन्द्र, रोहतक से श्री अमरजीत, नगर प्रभारी द्वारा आग का प्रयोग करने के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी दिन श्री अमरजीत व श्री अनुप ने अग्निशामक यन्त्रों के द्वारा आग बुझाने की ट्रेनिंग दी एवं छात्राओं ने इसका अभ्यास भी किया।

## धूम्रपान निषेध समिति

संयोजिका डॉ. प्रवीन खत्री के नेतृत्व में श्री भूपेन्द्र सिंह, श्रीमती ज्योति हुड्डा, श्रीमती रीना, श्रीमती रोहिणी शर्मा व कुमारी रिदम के सहयोग से यह समिति वर्ष भर सक्रिय रही। सत्र 2023-24 में महाविद्यालय की 1500 छात्राओं को नशामुक्त जीवन व्यतीत करने की शपथ NCB हरियाणा के माध्यम से दिलवाई गई। 20 सितम्बर 2023 को महाविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मदद से एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया समीति द्वारा छात्राओं को समय-समय पर गोष्ठियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया।

## सड़क सुरक्षा समिति

सत्र 2023-24 में संयोजक डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में डॉ. निशांत सैनी, डॉ. सुरेन्द्र सिंह व श्री जोगेन्द्र सिंह के सहयोग से सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। 13 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 200 छात्राओं ने भाग लिया। दिनांक 21 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने डी.ए.वी. सी.सै. स्कूल रोहतक में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में भाग लिया।

## पासपोर्ट समिति

सत्र 2022-23 में संयोजक डॉ. कुलदीप सुहाग के नेतृत्व में श्री पुष्पदीप डागर, श्री भूपेन्द्र अहलावत, श्री निशांत सैनी, श्रीमती योगिता हुड्डा, श्रीमती नविता, श्रीमती राधा राठी, श्रीमती रूचि, श्रीमती सुमन श्योरण तथा श्रीमती आरती दलाल के सहयोग से पासपोर्ट समिति वर्ष भर सक्रिय रही।

## प्लेसमैन्ट सैल

संयोजिका डॉ. निशा मलिक के निर्देशन व समिति सदस्यों डॉ. पुष्पदीप डागर, श्रीमती निर्मला सोनी, श्री भूपेन्द्र, श्री जोगेंद्र, श्रीमती संकेत, श्रीमती सविता, श्रीमती मंजू, श्रीमती मीनू, श्रीमती मुक्ता व डॉ. साक्षी के प्रयासों से सत्र 2023-24 में यह प्रकोष्ठ वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 21 सितंबर 2023 को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 'सेलर डॉट कॉम' पर उपलब्ध विभिन्न नि:शुल्क लघु अवधि पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। दिनांक 13 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में टाटा ए.आई.ए लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के द्वारा एक वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीवन बीमा योजना की विभिन्न योजनाओं तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को रोजगार अवसरों में SPSS की भागीदारी विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। दिनांक 15-16 जनवरी 2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का

आयोजन किया गया, जिसमें कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, रोहतक द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराया गया। दिनांक 31 जनवरी 2024 को पण्डित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय, रोहतक द्वारा आयोजित प्लेसमेंट फेयर में हमारे महाविद्यालय की 126 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से 50 छात्राओं को विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित किया गया। दिनांक 29 फरवरी 2024 को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय कोर्पोरेट में नौकरी, साक्षात्कार की तैयारी और सफलता के लिए आवश्यक कौशल रहा।

## छात्रावास

राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय, रोहतक में भारती, लाडली, लाडली एक्सटेंशन तथा सरस्वती चार छात्रावास है। मुख्य संरक्षक डॉ. नीलम मंगला व श्रीमती सुमन अहलावत के नेतृत्व व छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती कविता की देखरेख में सभी कार्य सुचारू रूप से चल रहे है। भारती छात्रावास में 90, लाडली छात्रावास में 56, लाडली एक्सटेंशन छात्रावास में 54 व सरस्वती छात्रावास में 48 छात्राएँ रहती है। छात्रावास में छात्राओं की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उत्तम गुणवत्ता वाला भोजन, वाटर कूलर, स्वच्छ पानी के लिए एक्वागार्ड व गीजर का उचित प्रबन्ध हैं। छात्रावास में छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक चिकित्सा (First aid Box) की भी व्यवस्था है। छात्राओं की सुविधा के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे व अग्निशामक यन्त्र भी लगे हुए है। बिजली की सुविधा प्रदान करने के लिए जनरेटर की भी सुविधा है। दिनांक 6 जनवरी 2023 का नए छात्रावास 'सरस्वती' का उद्‌घाटन किया गया जिसमें सत्र 2023-24 में 48 छात्राओं ने प्रवेश लिया। छात्रावास में समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक समारोह जैसे दिवाली, तीज, स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस आदि मनायें जाते है। इसके साथ ही छात्रावास में समय-समय पर छात्राओं का तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन व योग शिविर भी लगाये जाते हैं। छात्राओं के मनोरंजन के लिए कॉमन रूम में डिश टी.वी., डी.वी.डी. प्लेयर व बूफर की भी व्यव्स्था है।

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में 60612 पुस्तकें हैं। 7141 पुस्तकें बुक-बैंक में है, जो जरूरतमन्द छात्राओं को दी जाती हैं। पुस्तकालय में ओपन शैल्फ सिस्टम है तथा पुस्तकालय कम्प्यूटराइज्ड है। जिससे छात्राएँ एवं प्राध्यापक वर्ग लाभान्वित होता है। पुस्तकालय में Automation का कार्य पूर्ण हो चुका है। छात्राओं के लिए अलग से वाचनालय की भी व्यवस्था है, जिसमें 19 समाचार पत्रों की 38 प्रतियाँ व 28 पत्रिकाओं की 41 प्रतियाँ सुलभ कराई जाती है, वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष श्रीमती गुणवती की देख रेख में पुस्तकालय का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## नेशनल कैडेट कोर

- लेफ्टिनेंट रेनु कुमारी के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर यूनिट की 58 छात्राओं ने 16 जून से 25 जून 2023 तक किशोरी महिला महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इसमें सैन्य छात्राओं ने ड्रिल, समूह नृत्य, टग आफ वार, वॉलीबॉल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा समूह गान, पोस्टर मेकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- कैडेट आरजू ने 1 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक नैनीताल में आयोजित बेसिक माउंटेनियरिंग कैंप में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- 15 अगस्त 2023 को राजीव गांधी स्टेडियम, रोहतक में आयोजित स्वतंत्रता दिवस परेड में 25 सैनिक छात्राओं ने भाग लिया तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसकी अगुवाई सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी ने की।
- 12 सितंबर 2023 को पुनीत सागर अभियान के तहत निबंध लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- कॉर्पोरल शिक्षा ने 19 सितंबर से 30 सितंबर 2023 तक दिल्ली में आयोजित थल सैनिक कैम्प में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
- 2 अक्टूबर 2023 को 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत कॉलेज प्रांगण तथा आसपास के इलाको में
- सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें हमारे 60 केडेट्स ने भाग लिया। 31 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया तथा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- सीनियर अंडर ऑफिसर खुशी ने 1 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' की चार इकाइयाँ डॉ. रीना, डॉ. रीदम, डॉ. रीटा खन्ना व डॉ. नीरज के नेतृत्व में वर्ष भर सक्रिय रही। इनके नेतृत्व में 400 स्वयं सेविकाएँ है। दिनांक 18 अगस्त 2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वंयसेविकाओं को शपथ ग्रहण करवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में पौधा रोपण भी किया गया। दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। दिनांक 30 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में एकता दिवस मनाया गया इस अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन भी किया गया। दिनांक 26 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 7 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक एन. एस. एस की चारों

यूनिटों द्वारा सात दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे विस्तार व्याख्यान, रैली, मेडीटेशन, वर्कशाप, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड नाटक इत्यादि का आयोजन किया गया।

## वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट

- ❖ संयोजक डॉ. बसंत कुमार के निर्देशन में महाविद्यालय की छात्राओं ने वर्षभर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और विभिन्न पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- ❖ 22 अक्टूबर 2023 से 25 अक्टूबर 2023 तक गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स नेटबॉल प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 7 सितम्बर 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल फ्लोरबाल प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ महाविद्यालय की छात्रा सुनिधि ने गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स में गतका प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 15 अक्टूबर 2023 से 16 अक्टूबर 2023 तक राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक में आयोजित अन्तर महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 18 अक्टूबर 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित अन्तर महाविद्यालय बैडमिन्टन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ सी.आर. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रोहतक में आयोजित अन्तर महाविद्यालय, शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक सैनी कॉलेज, रोहतक में आयोजित अन्तर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ हमारे महाविद्यालय की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा संजना का फुटबॉल अन्तर विश्वविद्यालय टीम में चयन हुआ।
- ❖ महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा उषा, बी.ए. फाइनल ने हेप्टाथलान में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 18 अक्टूबर को एम.के.जे.के. महाविद्यालय, रोहतक में बॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम ने भाग लिया व 8 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक बुंदेलखण्ड

विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में आयोजित नॉर्थ जॉन अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में छात्रा गिरिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

- ❖ महाविद्यालय की छात्रा शिक्षा ने 13 जनवरी 2024 में आयोजित ट्राइल में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की रग्बी टीम में स्थान प्राप्त किया। अन्तर महाविद्यालय पेनकैक सिल्ट प्रतियोगिता जो महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में दिनांक 16 जनवरी 2024 को आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा रितू तथा अन्तिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में दिनांक 18 जनवरी, 2024 को आयोजित अन्तर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- ❖ एल.पी. विश्वविद्यालय, जालंधर में आयोजित अन्तर-विश्वविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा महक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- ❖ महाविद्यालय की छात्रा अनु ने दिनांक 25 जनवरी से 29 जनवरी 2024 तक तमिलनाडु में आयोजित 17वीं सीनियर नेशनल फ्लोरबाल प्रतियोगिता में भाग लिया।

## सॉफ्ट स्किल एंव अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला

महाविद्यालय की छात्राओं के व्यक्तित्व विकास व अंग्रेजी भाषा में संचार कौशल के विकास हेतु संयोजिका डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला व श्रीमती मीनू के कुशल नेतृत्व में अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला वर्ष भर सक्रिय रही। सत्र 2023-24 में 84 छात्राओं ने नामांकन करवाया। छात्राओं ने अपने-अपने खाली पीरीयड में विभिन्न सॉफ्टवेयर जैसे टैन्स बस्टर, स्टडी स्किलस, स्कसैस आदि द्वारा अपने भाषायी ज्ञान का वर्धन किया तथा संचार कौशल को बढाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी

दिनांक 24.01.2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अंतर जिला विज्ञान प्रदशर्नी में रोहतक व सोनीपत जिलों के विभिन्न सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी महाविद्यालयों से 17 महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें कम्प्यूटर (13), भौतिक विज्ञान (8), भूगोल (11), के मॉडल प्रदर्शित किए गए और कुल प्रदर्शित मॉडलों की संख्या 75 रही। जिसमें महाविद्यालय से विज्ञान प्रदर्शनी की सात विजेता टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागी टीमों में से महाविद्यालय की भूगोल, मनोविज्ञान और रसायन विज्ञान की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला।

## प्रकृति व्याख्या केन्द्र (Nature Interpretation Centre)

सत्र 2023-24 में संयोजिका डॉ. अंजू बाला के निर्देशन में समिति सदस्यों श्रीमती मंजू छिक्कारा, श्रीमती प्रियंका दलाल, श्री सतीश पंघाल, श्रीमती अंजू कादियान, श्रीमती सुगंधा मिश्रा व डॉ. निधि

कत्याल के सहयोग से प्रकृति व्याख्या केंद्र वर्ष भर सक्रिय रहा। दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में पौधारोपण करवाया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। दिनांक 8 नवम्बर 2023 को प्रकृति व्याख्या केंद्र के तत्वावधान में 'पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने पर्यावरण, प्रदूषण की रोकथाम व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर पोस्टर बनाए। 18 मार्च 2024 को महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## मतदान क्लब

सत्र 2023–24 में संयोजक डॉ. निशांत सैनी के निर्देशन में डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. राकेश कुमार के सहयोग से मतदाता क्लब के अन्तर्गत कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को मतदाता जागरूकता पर एक व्याख्यान करवाया गया। दिनांक 18 नवम्बर 2023 को महाविद्यालय में जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। दिनांक 3 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में 'एक दिवसीय विशेष मतदाता कैम्प' का आयोजन किया गया। 25 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया इस अवसर पर सभी छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गयी। 26 जनवरी 2024 को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। दिनांक 4–5 अप्रैल 2024 को चुनाव आयोग द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'SVEEP' के तहत निबंध लेखन, स्लोगन, पोस्टर बनाओ व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाकर छात्राओं को मतदान की महत्ता से अवगत करवाया गया।

## मंच संचालन

महाविद्यालय के प्रांगण में वर्षभर आयोजित गतिविधियों में मंच संचालन का उत्तरदायित्व संयोजिका डॉ. किरण शर्मा व डॉ. नीति अहलावत ने कुशलतापूर्वक निभाया।

## वेबपोर्टल

सूचना प्रौद्योगिकीकरण के अन्तर्गत श्रीमती सुमन अहलावत, एसोसिएट प्रोफेसर, कम्प्यूटर विभाग के नेतृत्व में महाविद्यालय के वेबपोर्टल का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

- डॉ. अनीता सिंगल (एसोसिएट प्रोफेसर), रसायन विभाग ने 29 सितंबर, 2023 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित सामग्री और जीवन विज्ञान में हालिया रूझानों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। 7 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक यूजीसी – एमएमटीटीसी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक, हरियाणा द्वारा आयोजित विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग (यूजीसी) के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

❖ डॉ. अंजू बाला (एसोसिएट प्रोफेसर), भूगोल विभाग ने 'भारत में खाद्य सुरक्षा' व 'मोटा अनाज स्वस्थ भविष्य के लिए प्राचीन अनाज' नामक विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय जनरल में पेपर प्रकाशित करवाया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ओरियन्टेशन एफ.डी.पी. में भाग लिया। राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय रोहतक व साक्षी मलिक कन्या महाविद्यालय, मोखरा में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

❖ डॉ. निर्मला कुमारी (ऐसोसिएट प्रोफेसर) इतिहास ने दिनांक 11-13 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यलाय, रोहतक में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया व भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुत किया।

❖ डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला (ऐसोसिएट प्रोफेसर) ने दिनांक 28 दिसम्बर 2023 एक दिवसीय मॉलवीय मिशन टीचर प्रोग्राम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में भाग लिया। दिनांक 11-13 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यलाय, रोहतक में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। इसी महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुत किया। 5-7 मार्च 2024 को हिन्दू कन्या महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया तथा आधुनिक भारतीय महिला कवियों पर आधारित अपनी पुस्तक जिसका शीर्षक The Mirage of Existence in the Poetry of Modern Indian Women Poets को Oct. 2023 में प्रकाशित करवाया।

❖ डॉ. राजेश कुमार (सहायक प्रोफेसर) हिन्दी विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग - मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा दिनाँक 4 से 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित 'नई शिक्षा नीति-2020 अभिमुखीकरण एवं संवेदीकरण कार्यक्रम में भाग लिया। 'गिना संगम शोध पत्रिका' में (सहकर्मी समीक्षित एवं संदर्भित शोध पत्रिका, आई. एस. एस. एन. 2321-8037) के जनवरी-फरवरी 2024 अंक में शोध पत्र प्रकाशित करवाया। एक अंतरराष्ट्रीय एवं दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध-पत्र प्रस्तुत किए। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा तीन पीएच. डी. शोधार्थियों को निर्देशित करने हेतू शोध-निर्देशक नियुक्त किया गया।

❖ डॉ. नरेश कुमारी, (सहायक प्रोफेसर) हिंदी ने दिनांक 1 दिसम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक

भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुरकलां, सोनीपत में पुनश्चर्या कार्यक्रम व 21 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यक्रम में भाग लिया। 20 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'हिंदी साहित्य और पर्यावरण' विषय पर अपना शोध- पत्र प्रस्तुत किया। 20 फरवरी 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय जसौर खेडी, झज्जर में महिला सशक्तिकरण विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। 5-6 मार्च 2024 को महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय रोहतक के सस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा आयोजित द्विदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी भाषा के विकास में स्वामी दयानंद सरस्वती जी का योगदान' विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

❖ डॉ. सुमन रानी, (सहायक प्रोफेसर) हिंदी ने दिनांक 1 दिसम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुरकलां, सोनीपत में पुनश्चर्या कार्यक्रम व 21 दिसम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक भगतफूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कार्यक्रम में भाग लिया। 11-13 जनवरी, 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया। 20 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'हिंदी साहित्य और पर्यावरण' विषय पर अपना शोध- पत्र प्रस्तुत किया। 20 फरवरी 2024 को राजकीय महिला महाविद्यालय जसौर खेडी, झज्जर में 'आज के परिदृश्य में महिलाओं के समक्ष चुनौतियाँ व जागरूकता' विषय पर विस्तार व्याख्यान प्रस्तुत किया। 5-6 मार्च 2024 को महर्षि दयांनद विश्वविद्यालय रोहतक के सस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग द्वारा आयोजित द्विदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'हिंदी भाषा के विकास में स्वामी दयांनद सरस्वती जी का योगदान' विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

❖ डॉ. मीनाक्षी (सहायक प्रोफेसर) अंग्रेजी ने दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। 11 से 13 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यलाय, रोहतक में वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया व दिनांक 20 जनवरी 2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक 5-7 मार्च 2024 को हिन्दू कन्या महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

- डॉ. बलजीत कौर (सहायक प्रोफेसर) हिंदी विभाग ने दिनांक 29 सितम्बर 2023 को पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा आयोजित एक दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ. सोनिका (सहायक प्रोफेसर) रसायन शास्त्र ने दिनांक 29 सितंबर, 2023 को रसायन शास्त्र विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित सामग्री और जीवन विज्ञान में हालिया रूझानों पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र जिसका शीर्षक 'सिंथैसिस, स्ट्रक्चर एंड फोटोलुमिनिसेंट करैक्ट्राइजेशन ऑफ रैड एमिटिंग मैटिरियल्स फॉर डिस्पले एपलीकेशंस' प्रस्तुत किया एवं सर्वश्रेष्ठ प्रेजेंटेशन अवार्ड प्राप्त किया।

## हमारी आवश्यकताएँ

- महाविद्यालय में प्राध्यापकों की संख्या देखते हुए मात्र छः आवासीय भवन है जो अत्यन्त कम है एवम् जर्जर अवस्था में हैं।
- छात्राओं के आपातकालीन उपचार के लिए डॉक्टर व नर्स की आवश्यकता हैं।
- महाविद्यालय में छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न उच्चत्तर कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक ऑडिटॉरियम का होना अति अनिवार्य है।
- Water - Booster, Hot Line Connection, छात्राओं के लिए कॉमन रूम, सेमीनार कक्ष, कांफ्रेंस कक्ष की भी अत्यन्त आवश्यकता है।
- महाविद्यालय के बाहर अधिक यातायात की आवाजाही होने के कारण छात्राओं को सड़क पार करने में असुविधा होती हैं तथा दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। अतः Footover Bridge होना अति आवश्यक है।

## आभार ज्ञापन

यह हमारे लिए अत्यन्त गर्व का विषय है कि श्री अजय कुमार IAS, उपायुक्त रोहतक ने हमारे निमन्त्रण को सहर्ष स्वीकार करके हमें कृतज्ञ किया। आपकी विशद् एवम् व्यापक प्रगतिशील विचारधारा से हमारी छात्राएं निश्चित रूप से लाभान्वित होगी।

मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय उच्चतर शिक्षा आयुक्त एवं निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ। रोहतक मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत एवम् जल के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई हमारे आभार के पात्र है।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कुशलतापूर्वक निभाने के लिए हिन्दी विभाग से डॉ. नरेश कुमारी, डॉ. सुमन रानी, डॉ. बलजीत कौर, श्रीमती किरण वर्मा व डॉ. सुनीता का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ। इसके अतिरिक्त मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवम् परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

अन्त में, मैं एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि महोदय, विशिष्ट अतिथि महोदय एवं उपस्थित महानुभावों का हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ।

**डॉ. दर्शना**

एच.ई.एस-I

प्राचार्या

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

# “सदभावना शपथ”

“मैं सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञा करती हूँ कि देश की आजादी तथा एकता बनाए रखना और उसे मजबूत करने के लिए समर्पित होकर कार्य करूँगी। मैं यह भी प्रतिज्ञा करती हूँ कि कभी हिंसा का सहारा नहीं लूंगी तथा धर्म, भाषा क्षेत्र से सम्बन्धित भेदभाव, झगड़ों और राजनीतिक या आर्थिक शिकायतों का निपटारा शान्तिपूर्ण व संवैधानिक तरीकों से करने के लिए प्रयास करती रहूँगी।”

